# BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

**STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001**

**PROF. SANJAI MISRA**
**PRINCIPAL**
**EMAIL:**bsnvpgc1954@gmail.com
**MOB. NO.:** 0522-2635513
**DATE:** 12/05/2023

# रिपोर्ट

बप्पा श्रीनारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखनऊ में आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज दिनांक 13/08/2022 को एन . सी . सी . एवं एन . एस . एस . के विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा यात्रा, नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय में उपस्थित पंक्तिबद्ध विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखा कर तिरंगा यात्रा हेतु रवाना किया गया। विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय से निकलकर चारबाग रेलवे स्टेशन होते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई जो कि दीनदयाल उपाध्याय पार्क पर आकर सम्पन्न हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारे भी लगाए। महाविद्यालय द्वारा 11 अगस्त से 17 अगस्त तक शासन द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप पूर्ण उत्साह के साथ अमृत महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है । इसी अनुक्रम में आज तीसरे दिन महाविद्यालय में देशभक्ति से ओतप्रोत नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया तथा पुस्तकालय एवं विभिन्न प्रयोगशालाओं का नामकरण आजादी के महानायकों के नाम पर किया गया। केन्द्रीय पुस्तकालय का नामकरण महामना पं. मदन मोहन मालवीय केन्द्रीय पुस्तकालय तथा अध्ययन कक्ष का नामकरण डॉ . राजेन्द्र प्रसाद अध्ययन कक्ष किया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय की विभिन्न प्रयोगशालाओं का नामकरण अमर बलिदानी चन्द्रशेखर आज़ाद, शहीद भगत सिंह, सरोजिनी नायडू आदि के नाम पर किया गया।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित सभी अध्यापक एनसीसी और एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी गण, विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

realme

वन्दे मातरम्
75
आज़ादी का
अमृत महोत्सव
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें।
B.S.N.V.P.G. COLLEGE
Station Road, Charbagh, Lucknow

पं दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका

Prof. Sanjai Misra
(**Principal**)